कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com
Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602
AISHE Code : C-21647

दुर्ग, दिनांक : 22/10/2025

## // प्रेस विज्ञप्ति //

## गर्ल्स कॉलेज में पुलिस स्मृति दिवस का आयोजन

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) में 22 अक्टूबर 2025 को पुलिस मुख्यालय, दुर्ग (छ.ग.) के निर्देशानुसार 'पुलिस स्मृति दिवस' का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया। यह दिवस प्रतिवर्ष उन पुलिसकर्मियों की स्मृति में मनाया जाता है जिन्होंने राष्ट्र सेवा में अपने प्राणों की आहुति दी।

कार्यक्रम के अवसर पर अंग्रेजी विभाग की सहायक प्राध्यापक श्रीमती वंदना बंजारे ने राजनांदगांव जिले के मदनवाड़ा के कोरकटी में नक्सलियों से लोहा लेते हुए शहीद हुए वीर पुलिसकर्मी श्री विनोद ध्रुव के अदम्य साहस एवं बलिदान की प्रेरक कथा प्रस्तुत की।

महाविद्यालय की प्राचार्य डा. रंजना श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि ''हम जो निश्चिंत जीवन जी रहे हैं, वह उन सैनिकों एवं पुलिसकर्मियों की शहादत का परिणाम है जो देश की रक्षा हेतु अपने प्राण न्यौछावर कर देते हैं।''

इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं कार्यालय स्टॉफ तथा छात्राओं ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की।





प्राचार्य
शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर
महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)